2021

HINDI — HONOURS

Paper : DSE-B-2(6)

(Premchand)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'पंचपरमेश्वर' कहानी किस वर्ष में प्रकाशित हुई थी? इस के किसी एक पात्र का नाम लिखिए।

(ख) 'ईदगाह' कहानी किस भाषा में लिखी गयी थी? इसके मुख्य पात्र का नाम बताइए।

(ग) 'साहित्य का उद्देश्य' किस विधा की रचना है? इसका रचनाकाल क्या है?

(घ) 'सेवासदन' उपन्यास की नायिका का नाम बताते हुए प्रेमचंद के उर्दू उपनाम का उल्लेख कीजिए।

(ङ) प्रेमचंद की कहानियों के संग्रह को किस नाम से जाना जाता है? इसके कितने खंड हैं?

(च) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी का रचनाकाल क्या है? उसके प्रमुख पात्रों के नाम बताइए।

(छ) 'कर्बला' नाटक का प्रकाशन वर्ष लिखिए। इसके कुल कितने अंक हैं?

(ज) हल्कू ने सहना को कितने रूपए दिए? वे किस उद्देश्य से दिए गए थे?

(झ) 'ईदगाह' कहानी में हामिद के किन्हीं दो दोस्तों नाम लिखिए।

(ञ) 'सेवासदन' उपन्यास उर्दू में किस नाम से लिखा गया और कब प्रकाशित हुआ था?

2. किन्हीं *तीन* प्रश्नों का आलोचनात्मक उत्तर दीजिए। 10×3

(क) कथावस्तु के आधार पर 'सेवासदन' उपन्यास की मुख्य समस्याएं विश्लेषित कीजिए।

(ख) प्रेमचंद के अनुसार साहित्य का उद्देश्य क्या है?

(ग) 'कर्बला' नाटक की मूल संवेदना बताते हुए उसकी समकालीनता पर प्रकाश डालिए।

(घ) कथानक के आधार पर 'पूस की रात' कहानी के यथार्थवादी पक्ष की विवेचना कीजिए।

(ङ) 'हीरा' और 'मोती' जैसे चरित्रों के माध्यम से प्रेमचंद ने कौन-सा संदेश दिया है? स्पष्ट कीजिए।

3. किन्हीं *तीन* पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) 'पंचपरमेश्वर' कहानी का मूलभाव

(ख) सुमन का चरित्र

(ग) 'कर्बला' नाटक की भाषा

(घ) 'दो बैलों की कथा' की मूल संवेदना

(ङ) 'सौंदर्य' के विषय में प्रेमचंद के विचार